# 22. वैज्ञानिक संसाधन प्रबंध

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने एक स्वतंत्र चयन एजेंसी के रूप अपने प्रयासों को जारी रखते हुए कृषि प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए भा.कृ.अनु.प. के विभिन्न पदों के लिए चयन का कार्य करते हुए वर्ष 2010-11 में रिकार्ड संख्या में चयन किए। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कार्य पहली बार अगस्त 2011 में सहायक पद के लिए कंप्यूटर आधारित ऑन लाइन परीक्षा का आयोजन करना था।


**एआरएस/नेट परीक्षा**

कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस)/राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) की प्राथमिक परीक्षा 2010 का आयोजन 19 सितंबर 2010 को देशभर के 33 केंद्रों पर हुआ। एआरएस की मुख्य परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2010 को हुआ।

इसमें 2,268 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमें से 740 ने निर्धारित न्यूनतम अंकों से अधिक अंक प्राप्त किए। इन्हें 38 विषयों में 290 विज्ञापित रिक्तियों के लिए साक्षात्कार हेतु बुलाया गया। हालांकि केवल 214 रिक्तियों को ही भरा जा सका। इसमें सफलता का अनुपात 1:3.4 का रहा जो साधारण अनुपात 1:5 से कम है।


इकोनोमी बाटनी, प्लांट नेमेटोलॉजी, वेटनरी पब्लिक हैल्थ, पेडोलॉजी और मैकेनिकल इंजीनियरिंग, टैक्सटाइल कैमस्ट्री और टैक्सटाइल मैन्यूफैक्चर शाखाओं में लिखित परीक्षा को पास करने वालों की संख्या रिक्त पदों की संख्या जितनी थी। पांच अन्य विषयों-एग्रीकल्चरल कैमिकल्स/कार्बनिक रसायन, कृषि भौतिकी, कृषि रसायन, कृषि सांख्यिकी और इलेक्ट्रानिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन में यह 10 से कम थी। गृह/परिवार संसाधन प्रबंधन और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए कोई अभ्यार्थी पास नहीं हो सका।

- ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों ने साधारण श्रेणी के अभ्यर्थियों को पीछे छोड़ते हुए साधारण श्रेणी की 13 सीटों पर सफलता हासिल की।
- कृषि अनुसंधान में महिला अभ्यर्थियों का प्रदर्शन काफी उत्साहजनक रहा, चयनित 214 अभ्यर्थियों में से 27 प्रतिशत महिलाएं थी।
- आंकड़ों के अनुसार 214 पदों में से 81.13 प्रतिशत एआरएस वैज्ञानिक 10 राज्यों प्रमुख रूप में कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश और हरियाणा के थे। शेष 18.7 प्रतिशत वैज्ञानिक अन्य राज्यों से थे।





एआरएस (2010) में मुख्य दस राज्य कृषि विश्वविद्यालयों का प्रदर्शन

- दस प्रमुख राज्य कृषि विश्वविद्यालयों/डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने 76.7 प्रतिशत एआरएस अभ्यर्थी दिए। डीम्ड टू बी




एआरएस (2010) में समतुल्य विश्वविद्यालयों का प्रदर्शन




विभिन्न समूहों का श्रेणी-अनुसार प्रदर्शन: अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ वर्ग (OBC), शारीरिक विकलांग (PC), और साधारण (Gen)

यूनिवर्सिटी का सफल अभ्यर्थियों में योगदान 36.5 प्रतिशत रहा।

### प्रशासनिक और वित्त एवं लेखा अधिकारी परीक्षा

प्रशासनिक अधिकारियों और वित्त एवं लेखा अधिकारियों के पदों के लिए लिखित प्रतिस्पर्द्धात्मक परीक्षा का आयोजन 22 मई 2011 को 12 केंद्रों पर किया गया।

इसमें 10,300 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिनमें से सिर्फ 122 अभ्यर्थी ही निर्धारित अंकों से अधिक अंक प्राप्त कर सके। इन्हें 30 पदों के लिए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया। हालांकि सिर्फ 28 पदों को ही भरा जा सका।

**वित्त एवं लेखा अधिकारियों की सीधी भर्ती**

| श्रेणी | आवंटन | वास्तविक रूप से भरी गई | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| एसटी | 1 | 0 | योग्य नहीं |
| ओबीसी | 1 | 1 | – |
| साधारण (एक ओएच के लिए) | 6 | 5 | ओ.एच श्रेणी में योग्य नहीं |
| कुल | 8 | 6 | |

ओ.एच., आर्थोपेडिकली विकलांग

### अनुभाग अधिकारी के लिए सीमित विभागीय परीक्षा

चयन मंडल द्वारा अनुभाग अधिकारियों की 25 रिक्तियों के लिए सीमित प्रतिस्पर्द्धात्मक परीक्षा का आयोजन भा.कृ.अनु.प. के मुख्यालय पर छह से आठ सितंबर 2011 को किया गया। इसके लिए 62 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया और 54 परीक्षा में शामिल हुए। इसका मूल्यांकन वर्ष के अंत तक पूरा हुआ।

### सहायकों के लिए सीमित विभागीय परीक्षा

भा.कृ.अनु.प. के मुख्यालय पर 21–22 सितंबर 2011 को 38 सहायक पदों की भर्ती के लिए सीमित विभागीय परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 53 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया और 45 परीक्षा में शामिल हुए। परिणाम अभी तैयार किया जा रहा है।

### सीधा चयन

चयन मंडल ने 93 पदों के लिए चयन की प्रक्रिया को पूरा किया। इनके लिए 948 आवेदन मिले। इनमें से नौ पद अनुसंधान प्रबंधन श्रेणी (आरएमपी), 58 मध्य श्रेणी (प्रमुख और संयुक्त निदेशक) और शेष प्रमुख वैज्ञानिक श्रेणी के लिए थे। चयन मंडल ने 91.39 प्रतिशत पदों को भरा, शेष पदों के लिए योग्य उम्मीदवार न मिलने की वजह से चयन नहीं हो सका।

### वैज्ञानिकों की कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत मूल्यांकन आधारित प्रोन्नति

इस वर्ष 24 विषयों के 50 प्रस्तावों पर विचार किया गया। मूल्यांकन के आधार पर प्रोन्नति की दर कम रही और केवल 52 प्रतिशत अभ्यर्थियों (वरिष्ठ वैज्ञानिक) को उच्च ग्रेड में प्रोन्नति (प्रधान वैज्ञानिक) की अनुशंसा की गई।

### सुधार

चयन मंडल में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। पूर्व अनुभवों के आधार पर जरूरतों और तकनीकी साधनों की उपलब्धता के आधार पर इस वर्ष कई स्तर पर सुधार किए गए।

### सीधी नियुक्ति के लिए योग्यता और स्कोर कार्ड में संशोधन

डॉ. आर.एस. परौदा, पूर्व महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. की अध्यक्षता में समिति बनाई गई जिसकी अनुशंसा के आधार पर योग्यता और स्कोर कार्ड में संशोधन किए गए।

### कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के नियमों में संशोधन

आरजीपी 6,000–7,000, आरजीपी 7,000–8,000, आरजीपी 8,000–9,000 के वैज्ञानिकों की समीक्षा के लिए छठवें वेतन आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप नियमों में संशोधन किए गए। इसके लिए चयन मंडल सदस्य डॉ. एन.के. त्यागी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई थी।

### नई पहल

**नेट/एआरएस-प्राथमिक परीक्षा, कृ.वै.च.मं., भा.कृ.अनु.प. के विकास, शुरुआत और संचालित करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली का विकासः** कृ.वै.च.मं. ने इन हाउस ऑनलाइन परीक्षा के लिए एक प्रमुख कदम आगे बढ़ाया है। एनआईपी द्वारा वित्त पोषित परीक्षा प्रणाली का विकास, शुरुआत और संचालन के लिए कार्य चल रहा है। इससे नेट/एआरएस-प्राथमिक परीक्षा का आयोजन 23 स्थानों पर ऑनलाइन संभव हो सकेगा। इस दिशा

**चयन मंडल द्वारा चयन प्रक्रिया में शामिल पदों का विवरण**

| श्रेणी | पदों की संख्या | आवेदन | साक्षात्कार के लिए आमंत्रित | साक्षात्कार | चयनित | कोई योग्य आवेदक नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निदेशक | 5 | 69 | 30 | 25 | 4 | 1 |
| परियोजना निदेशक | 2 | 50 | 23 | 19 | 2 | 0 |
| राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक | 2 | 35 | 19 | 18 | 1 | 1 |
| परियोजना समन्वयक | 5 | 53 | 37 | 29 | 5 | 0 |
| संयुक्त निदेशक | 1 | 19 | 10 | 9 | 1 | 0 |
| विभागाध्यक्ष | 52 | 437 | 308 | 230 | 47 | 5 |
| प्रधान वैज्ञानिक | 26 | 285 | 201 | 154 | 25 | 1 |
| कुल | 93 | 948 | 628 | 484 | 85 | 8 |

में तीव्र गति से विकास हो रहा है और सभी 23 स्थानों पर परीक्षा भवन तैयार हो गए हैं। भा.कृ.अनु.प. के राष्ट्रीय ऑनलाइन परीक्षा केंद्र (एनओईसी) में भी कंप्यूटर और सर्वर स्थापित करने का कार्य चल रहा है। इसके बाद 23 केंद्रों पर कंप्यूटर, सर्वर, यूपीएस, कनेक्टिविटी आदि की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह कार्य मार्च 2012 तक पूरा हो जाएगा। अत: 2012 की एआरएस परीक्षा ऑनलाइन संभव होगी। यह भा.कृ.अनु.प. के लिए एक प्रमुख उपलब्धि होगी।

**सहायक ग्रेड परीक्षा (डीआर), भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय और अन्य अनुसंधान संस्थान:** चयन मंडल ने विभिन्न अनुसंधान संस्थानों के लिए इस वर्ष सहायकों के 324 पद हेतु अगस्त 2011 में कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा का पहली बार आयोजन किया। इसके लिए 67,548 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया जिनमें से 29,527 परीक्षार्थी (43.7 प्रतिशत) शामिल हुए। इसमें से 2,166 ने प्राथमिक परीक्षा पास की। मुख्य परीक्षा आठ अक्टूबर 2011 को हुई जिसमें 2,166 परीक्षार्थियों में से 1,917 (91 प्रतिशत) ने भाग लिया।

### सूचना का अधिकार अधिनियम-2005

चयन मंडल को इस वर्ष 220 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से ज्यादातर एक्सपर्ट का नाम, स्कोर कार्ड का नंबर, साक्षात्कार प्रक्रिया, सीधी नियक्ति हेतु प्रक्रिया जानने, एआरएस/नेट में प्राप्त अंक, मंडल के अन्य निर्णयों की जानकारी मांगने संबंधी थे। इसमें से 190 आवेदनों में से सिर्फ दो ने सीआईसी में चयन मंडल की सूचना के विरुद्ध अपील की। शेष सभी मामलों को संतोषजनक तरीके से निपटा दिया गया।